प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम सात बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे और अतिथियों को संबोधित भी करेंगे। भारत पहली बार विश्व विरासत समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। विश्व विरासत समिति की वर्ष में एक बार बैठक होती है और यह विश्व विरासत से संबंधित सभी मामलों का प्रबंधन करने के साथ ही विश्व विरासत सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत के विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी करना हर्ष का विषय है।

****

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक नई दिल्ली में चल रही है। इस दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांग रही है। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले और कांग्रेस नेता जयराम रमेश, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा के अलावा असदुद्दीन औवेसी बैठक में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल हैं।

****

संसद का बजट सत्र कल शुरू हो रहा है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन परसों लोकसभा में वर्ष 2024–25 के लिए केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। इस सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कल साहेबगंज के बरहेट में 70 दशमलव छह चार करोड़ रुपये की लागत से ग्रिड सब–स्टेशन और संचरण लाइन का उद्घाटन करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुरुपूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज गुरुपूर्णिमा के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। गुरु पूर्णिमा आषाढ़ महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग अपने शिक्षकों और अध्यात्मिक गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आज ही के दिन ऋषि वेदव्यास की जयंती भी है और इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

****

हजारीबाग में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने आज रन फॉर ग्रीन हजारीबाग के स्लोगन के साथ मैराथन में भाग लिया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया था। श्री प्रसाद ने कहा कि अगली बार वो 5 लाख पौधा हजारीबाग में लगाने का प्रयास करेंगे।

****

बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित कुछ डाकघरों में लापरवाही बरतने का मामला प्रकाश में आया है।

****

कोडरमा जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी 25 जुलाई से चलाया जाएगा। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

****

देवघर में आज राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्थानीय विधायक नारायण दास के साथ संयुक्त रूप से राजकीय श्रावणी मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से श्रावणी मेले में आने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इधर कल से शुरू हो रहे श्रावणी मेले में चिकित्सा सेवा देने के लिए चतरा जिले से दो चिकित्सक और 12 मल्टी परपस वर्कर्स को तैनात किया गया है।

****

मौसम विभाग ने रांची, रामगढ़ और खूंटी समेत कोल्हान के इलाकों में भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, ओडिशा में बन रहे एक डिप्रेशन के कारण राज्य में मॉनसून मजबूत हो रहा है।

******समाप्त***********